चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/(प्रोफे0 कोर्स)/5485
दिनांक : 07.06.2023

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बी0एससी0 (नर्सिंग) के द्वितीय वर्ष की Sociology विषय तथा तृतीय वर्ष की Child Health Nursing विषय की दिसम्बर 2022 बैक पेपर परीक्षा की तिथि एवं समय एक होने के कारण छात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी दोनो में से एक परीक्षा छूट गयी है। नर्सिंग काउन्सिलग ऑफ इण्डिया के नियमानुसार चतुर्थ वर्ष में वही छात्र प्रवेश पा सकता है जिसके पूर्व के समस्त वर्षो की परीक्षाये उत्तीर्ण कर ली हो। अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार उपरोक्त दोनो कोडो की विशेष परीक्षा एक साथ विश्वविद्यालय परिसर में स्थित **मा0 काशी राम शोध पीठ** परीक्षा केन्द्र **में दिनांक 10.06.2023 को प्रातः 11:00 बजे से 2:00 बजे** तक आयोजित की जायेगी। जिसमें छात्र/छात्राओं का जो भी पेपर कोड छूटा होगा वे अपनी परीक्षायें अपने पूर्व में जारी प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है।

यह बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने का अन्तिम अवसर है। इस परीक्षा के अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण छात्र चतुर्थ वर्ष परीक्षा हेतु अर्ह नही होगें।

07/06/2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि कृपया तदनुसार व्यवस्था करने का कष्ट करें।

1. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, बी0एससी0 (नर्सिंग) पाठ्यक्रम संचालित समस्त अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि अपने संस्थान से सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं को उक्त परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में सूचित करने का कष्ट करें।
2. वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष, **मा0 काशी राम शोध पीठ** परीक्षा केन्द्र, विश्वविद्यालय परिसर मेरठ ।
3. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, (सीक्रेसी) को प्रश्न–पत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु।
5. आशुलिपिक कुलसचिव।
6. प्रभारी, उत्तर–पुस्तिका मूल्यांकन।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय भण्डार।
8. प्रभारी विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।

07/06/23
सहा0 कुलसचिव
(व्या0 परीक्षा)